हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 जून 2026

04 दो दशक का इंतजार खत्मः ताप्ती सरोवर के स्लूस...



07 सीड बॉल निर्माण अभियान से हरित...





## खबर संक्षेप

### कच्चे घर से पक्के आशियाने तक का सफर'

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रकवि पं. माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मस्थली माखननगर जनपद पंचायत जिला नर्मदापुरम के छोटे से ग्राम जावली में निवासरत अजयपाल आत्मज जियालाल के परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना वरदान साबित हुई है। 3 पुत्रियों और 2 पुत्रों के साथ कच्चे मकान में रह रहे अजयपाल का जीवन अब पूरी तरह बदल गया है। पहले हालात बेहद दयनीय थे। कच्चे आवास की छत से वर्षाकाल में पानी टपकता रहता था।

### 3 निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक नर्मदापुरम की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा विधायक निधि से 03 निर्माण कार्यो के लिए 06 लाख 20 हजार 474 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर नर्मदापुरम नगर के वार्ड क्रं 12 हिंगलाज कालोनी में सार्वजनिक स्थान पर पेवर ब्लॉक के लिए 03 लाख 86 हजार 230 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### तालनगरी में हुई घटना का पुलिस ने 48 घंटे में ही किया खुलासा

# बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला कर जेवर लूटने वाले 3 आरोपी हुए गिरफ्तार

तालनगरी में हुए बुजुर्ग पर जानलेवा हमले और लूट के वारदात के अरोपी गिरफ्तार कर लिये गये।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

थाना देहात पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए ग्राम तालनगरी में एक बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला कर उनके चांदी के जेवर लूटने वाले तीन शातिर आरोपियों को महज 48 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी पीड़ित महिला के गांव के ही रहने वाले हैं, जिन्होंने पहचान उजागर होने के डर से बुजुर्ग महिला पर ईंट, पत्थर और डंडे से बर्बरतापूर्वक हमला किया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए शत-प्रतिशत जेवर बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है।



### खेत की टपरिया में खून से लथपथ मिली थी बुजुर्ग

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी छोटेराम कीर निवासी तालनगरी ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जून की सुबह करीब 7:00 बजे जब वह अपने खेत पर बनी टीन शेड की टपरिया (झोपड़ी) में पहुंचा, तो उसकी मां अजुध्दी बाई कीर आंगन में खून से लथपथ गंभीर हालत में पड़ी थीं। उनके सिर पर गहरे जख्म थे और पास ही खून से सनी ईंट, पत्थर तथा बांस का डंडा पड़ा था। मां के पैरों की चांदी की पायल, हाथों के कड़े और गले की चैन गायब थी। अज्ञात बदमाशों ने चोरी और जान से मारने की नीयत से इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध क्रमांक 335/26, धारा 331(8) और 305 ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### वैज्ञानिक साक्ष्यों और सायबर सेल की ली गई मदद

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन, एएसपी अभिषेक राजन एवं एसडीओपी जितेंद्र पाठक के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। मौके पर जिला वैज्ञानिक अधिकारी, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, सायबर सेल और डॉग स्क्वाड की मदद से भौतिक व तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। संदेहियों पर नजर रखने के लिए देहात थाने के उपनिरीक्षक (उनि) खुमान सिंह पटेल, सउनि प्रवीण शर्मा और आरक्षक चेतन नरवरे को ग्राम तालनगरी में ही कैंप करने के निर्देश दिए गए थे।

### पहचान छुपाने के लिए किया था जानलेवा हमला

मुखबिर तंत्र की सूचना पर पुलिस ने गांव के ही तीन युवकों को हिरासत में लिया। सिकंदर उर्फ शेखर कीर 26 वर्ष, भीम कीर 28 वर्ष, रोशन कीर 22 वर्ष शामिल थे। पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की नीयत से टपरिया में घुसे थे, लेकिन बुजुर्ग महिला ने उन्हें पहचान लिया। गांव के ही होने के कारण अपनी पहचान छुपाने की खातिर तीनों ने महिला पर ईंट और डंडों से बेरहमी से हमला कर दिया और जेवर लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर पीड़िता से लूटे गए चांदी के 4 कड़े, एक जोड़ी चांदी की पायल और गले की चांदी की चैन विधिवत जब्त कर ली है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट बनने पर तीनों को जिला जेल नर्मदापुरम दाखिल कर दिया गया है। कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ पाण्डेय, उनि खुमान सिंह की भूमिका रही।

## लालच में सगे भतीजे ने ही की थी बुजर्ग बुआ की हत्या

### पुलिस का सनसनीखेज खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

थाना क्षेत्र के ग्राम फुरतला में बीते 18 मई 2026 को हुई 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामबाई राजपूत की अंधी हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। दिल दहला देने वाले इस मामले में महिला का सगा भतीजा राकेश राजपूत ही मुख्य कातिल निकला।

### क्या था पूरा मामला और क्यों की हत्या

जमीन और मकान का लालच मृतका रामबाई के पति की मौत एक साल पहले हो चुकी थी और उनकी कोई संतान नहीं थी। उनके नाम पर करीब 8 एकड़ जमीन और मकान था, जिसे हड़पने के लिए आरोपी ने यह खूनी साजिश रची।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बुआ अकेले रहती थीं और दूसरे भतीजों को खर्च के लिए रुपए देती थीं, लेकिन उसे कुछ नहीं देती थीं। इसी बात से नाराज होकर उसने हत्या का प्लान बनाया।अंधेरे का फायदा उठाकर वारदात को दिया अंजाम दिया था। वारदात की रात आरोपी चोरी-छिपे बागड़ कूदकर घर के आंगन से अंदर घुसा था।

### साढ़े चार लाख के गांजे के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**इटारसी।** पथरौटा पुलिस ने बीती रात नशीले पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 20 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस फिलहाल आरोपियों से गांजे के स्रोत और तस्करी के नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।



## नगर के वार्ड 18 और 19 में जलसंकट से मिलेगी राहत, नए बोरवेल की खुदाई हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नगर के वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 प्रतापपुरा में आकाश किराना के पास स्थित खाली भूखंड पर शुक्रवार को को नए बोरवेल की खुदाई का कार्य प्रारंभ किया गया। यह कार्य नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद शुरू किया गया।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल संकट की समस्या बनी हुई थी। इस संबंध में दिल्ली में कार्यरत पत्रकार शुभम सिंह द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त मध्यप्रदेश संकेत भोंडवे के समक्ष नए बोरवेल की मांग प्रमुखता से उठाई गई थी। आयुक्त के निर्देशों के बाद आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर अब बोरवेल की खुदाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, नए बोरवेल से क्षेत्र के नागरिकों को ग्रीष्मकाल में उत्पन्न होने वाली पेयजल समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।



### रथयात्रा की तैयारी में जुटे भक्त, घर-घर पहुंच कर दे रहे आमंत्रण

**नर्मदापुरम।** आगामी दिनों भगवान जगन्नाथ प्रभु रथ यात्रा को लेकर इस्कान मंदिर द्वारा लगातार पांचवी बार विशाल आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस दौरान इस्कान मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रणव प्रभुजी ने बताया कि इस वर्ष लगभग 18 फीट ऊंचे रथ को तैयार किया जा रहा है। रथयात्रा 22 जुलाई दिन बुधवार को निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर इस्कान मंदिर के भक्त घर घर जाकर रथयात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। एवं श्रद्धा के अनुरूप दान राशि का संग्रह भी कर रहे है। उन्होंने बताया नगर में भक्त लोग अपना सहयोग दे रहे हैं।

## सांदीपनी विद्यालय निर्माण में भारी देरी से विधायक प्रतिनिधि नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शासकीय सांदीपनी विद्यालय के नवीन भवन निर्माण में हो रही अत्यधिक देरी को लेकर विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला सह-कोषाध्यक्ष दीपक अठोत्रा ने कड़ी नाराजी जताई है। अनुबंध के अनुसार यह कार्य वर्ष 2023 में ही 18 माह की समय-सीमा के भीतर पूरा हो जाना था, लेकिन निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी पिछले 20-22 महीनों से यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

आज विधायक प्रतिनिधि अठोत्रा ने उप प्राचार्य उपेंद्र साहू, सुबोध तिवारी और मनीष दुबे के साथ विद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सामने आया कि 15 जून से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है, लेकिन भवन का काफी काम अब भी बाकी है और निर्माण की गति बेहद धीमी है। इससे हजारों छात्र-छात्राओं के प्रवेश और पढ़ाई की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



अठोत्रा ने बताया कि विधायक के निर्देशों और अधिकारियों के साथ हुई कई बैठकों के बावजूद ठेकेदार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आया है। उन्होंने इस पूरे मामले में सूचना के अधिकार के तहत लोक निर्माण विभाग से जानकारी मांगी है कि ठेकेदार को कितनी बार एक्सटेंशन दिया, देरी के लिए उस पर क्या पेनाल्टी लगाई और अब तक क्या दंडात्मक कार्रवाई हुई है।

विधायक प्रतिनिधि ने मांग की है कि विद्यार्थियों के हित में इस निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए और लापरवाह ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बार-बार समय सीमा बढ़ाने के बाद भी काम अधूरा रहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## नगर के होनहार 7 वर्षीय बालक आरुष बने प्रदेश के शतरंज बादशाह, नाम किया रोशन

### इंदौर में खेली गई अंडर 7 राज्य स्तरीय चयन शतरंज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

इंदौर में आयोजित अंडर 7 राज्य स्तरीय चयन शतरंज प्रतियोगिता जो 10 से 11 जून तक इंदौर पब्लिक स्कूल में खेली जा रही थी, जिसमें 42 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता फीडे नियमों के आधार पर स्विस सिस्टम से क्लासिकल 6 चक्रों में संपन्न हुई । जिसमें आरुष मालाकार ने 6 चक्र में 6 अंक हासिल कर अच्छे अच्छे रेटेड खिलाड़ियों को मात देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आरुष ने 4 वर्ष की उम्र से शतरंज खेलना आरम्भ किया। नेहरू पार्क में प्रशिक्षण भी लिया और हरदा, खंडवा, छिंदवाड़ा, भोपाल, बुरहानपुर आदि स्थानों पर अपनी खेल प्रतिभा आजमाई।प्रदेश शिखर पर पहुंच कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई। आरुष नागपुर में आयोजित अंडर 7 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके पिता शांतिलाल मालाकार की मां दीपिका मालाकार है। यह जानकारी जिला शतरंज संघ नर्मदा पुरम के अध्यक्ष डॉ ए पी त्रिपाठी ने दी।जिला शतरंज संघ ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




## चयन कॉलोनी में हुआ नई सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नगर के वार्ड 34 स्थित चयन कॉलोनी के रहवासियों को जल्द ही जर्जर सड़क की समस्या से मुक्ति मिलेगी। क्षेत्र में सत्या चौधरी के मकान से लेकर मनोहर तिवारी के मकान तक बनने वाली 160 मीटर लंबी सीसी रोड का भूमिपूजन नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। विधायक निधि से स्वीकृत इस निर्माण कार्य पर लगभग 6 लाख रुपए की लागत आएगी। भूमिपूजन के दौरान नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि नगर पालिका सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी करने की भी अपील की ताकि सड़क मजबूत और टिकाऊ बने। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक महतो, पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कलोसिया, विधायक प्रतिनिधि अशोक मालवीय सहित देवेंद्र परिहार, सौरभ मेहरा और बड़ी संख्या में चयन कॉलोनी के रहवासी उपस्थित रहे।

## नपाअध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने किया नाले का निरीक्षण, सफाई कर्मियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 17 में स्थित नारायण नगर नाले का निरीक्षण किया गया था। जहां भारी मात्रा नाले में ऊगी झाड़ियों से पानी के बहाव में रुकावट आ रही थी। नाला गहरा होने के कारण छोटी पोकलेन चल नहीं पा रही है। उन्होंने नगरपालिका की स्वच्छता टीम को निर्देशित कर बड़ी पोकलेन की व्यवस्था कर नाले की सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद सभापति महिमा रोहित गौर, सुरेश श्रीवास और राहुल चौरे भी उपस्थित थे।

स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में वर्षा पूर्व बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान जारी है। साथ ही नाले नालियों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है।



शुक्रवार को नपाध्यक्ष यादव द्वारा नारायण नाले में चल रही बड़ी पोकलेन के कार्य का निरीक्षण किया। नाले में जमा गाद को भी निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी के बहाव का भी जायजा लिया। साथ ही आसपास के लोगों को निर्देशित किया गया कि किसी भी तरह का कचरा नाले नालियों में न डालें। कचरा, कचरा वाहन आने पर ही उसी में डालें। शुक्रवार को बड़ी पोकलेन से करीब 8 ट्राली से अधिक कचरा निकाला गया।

## नपा एनयूएलएम शाखा की महिलाएं बना रही सीड बाल्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका के डे एनयूएलएम शाखा के माध्यम से संचालित स्वसहायता समूहों की महिलाएं इन दिनों सीड बाल्स बना रही हैं। विभिन्न प्रकार के बीजों को मिट्टी के मिश्रण में पेड़ पौधों के बीज डालकर उनकी बाल्स बनाने का कार्य किया जा रहा हे। डे एनयूएलएम की सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और सभापति महिमा रोहित गौर के नेतृत्व में सीड बाल्स का निर्माण किया जा रहा है। मिश्रा ने बताया कि स्वसहायता समूहों की महिलाएं पर्यावरण हितेषी वृक्षों के बीजों के मिट्टी में भरकर उनकी सीड बाल्स बना रही है। मिट्टी, खाद एवं बीजों का एक छोटा गोलाकार मिश्रण होता है, जिसे बीजों को पक्षियों, कीड़ों एवं कठोर मौसम से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से तैयार किया जाता है।

### बच्चों को वितरित किए गए पुरस्कार

## बच्चों को अपनी गौरवशाली संस्कृति और मातृभाषा से जोड़े रखने के लिए विशेष शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

“जिस समाज की भाषा और संस्कृति जीवंत रहती है, वह समाज हमेशा समृद्ध रहता है।” इसी उद्देश्य के साथ पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में और सिंधु सेवा समिति, इटारसी के सहयोग से आयोजित सिंधी भाषा (देवनागरी लिपि) अध्यापन शिविर का आज शुक्रवार, 12 जून को दोपहर 12 बजे सिंधु भवन, सिंधी कॉलोनी में गरिमामय समापन हुआ।

### बच्चों ने सीखी मातृभाषा

आधुनिक दौर में बच्चों को अपनी गौरवशाली संस्कृति और मातृभाषा से जोड़े रखने के लिए इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया था।



समापन समारोह के दौरान शिविर में शामिल हुए नन्हे-मुन्ने बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। अतिथियों ने शिविर में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने वाले सभी सहभागी बच्चों को आकर्षक पुरस्कार वितरित किए। अपनी भाषा सीखने के गौरव के साथ-साथ सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका स्वाति मेघानी ने किया। उन्होंने शिविर के दौरान भी बच्चों को बेहद आत्मीयता से सिंधी भाषा का ज्ञान दिया।

सिंधी समाज के इस अनूठे सांस्कृतिक उत्सव में समाज की तमाम प्रमुख संस्थाओं के पदाधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने शिरकत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूज्य पंचायत सिंधी समाज अध्यक्ष कैलाश नवलानी, संरक्षक मोहनलाल चेलानी, अशोक कुमार लालवानी,सिंधु सेवा समिति अध्यक्ष मोहन मोरवानी, उपाध्यक्ष अनिल मिहानी, अर्जुन दास नवलानी, कोषाध्यक्ष विजय सोनू परियानी एवं सह कोषाध्यक्ष ओम सोनी, भारतीय सिंधु सभा अध्यक्ष गोपाल सिद्धवानी, सिंधु विकास समिति के सचिव नरेश मेघानी, मनोहर राचंदानी, सिंधु सेवा समिति सचिव सोनू गुरबानी एवं कोषाध्यक्ष गौरव फुलवानी मौजूद रहे।

इस भावपूर्ण समापन समारोह में केवल बच्चे ही नहीं, बल्कि भारी संख्या में सिंधी समाज के नागरिक और बच्चों के माता-पिता भी मौजूद रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर में बालिकाओं को बताए अधिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मुस्कान बालिका गृह में तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में एक विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रथम जिला न्यायाधीश श्रीमती अनीता खजुरिया ने बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, बाल संरक्षण कानूनों और जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में बाल श्रम उन्मूलन और बच्चों के सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम के अंत में मुस्कान बालिका गृह की अधीक्षक श्रीमती सुरेखा धाकड़ ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट स्टेडियम के लिए पहले हटेगा ट्रेंचिंग ग्राउंड

**बैतूल।** शहर के गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड को हटाकर ग्राम कढ़ाई में शिफ्ट करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शुक्रवार को एसडीएम, तहसीलदार, नगरपालिका सीएमओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी ग्राम कढ़ाई पहुंचे और वहां प्रस्तावित ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थल का निरीक्षण किया। संभावित विरोध और विवाद की आशंकाओं को देखते हुए पुलिस बल भी अधिकारियों के साथ मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन पर क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। इस परियोजना को लेकर लंबे समय से तैयारियां चल रही हैं। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक स्टेडियम के भूमि पूजन की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए मौजूदा ट्रेंचिंग ग्राउंड को खाली कराना जरूरी हो गया है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में वर्षों से जमा कचरे का निष्पादन कर उसे अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कवायद शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा जिला प्रशासन को ट्रेंचिंग ग्राउंड को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए गए थे, ताकि स्टेडियम निर्माण का रास्ता साफ हो सके। इसके बाद प्रशासन ने ग्राम कढ़ाई में नए ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए चिन्हित करते हुए वहां की स्थिति का जायजा लेना शुरू कर किया है। एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, तहसीलदार पूनम साहू, गर पालिका सीएमओ नवनीत पाण्डेय और अन्य विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें प्रस्तावित योजना की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि बैतूल शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाला कचरा भी इसी ट्रेंचिंग ग्राउंड में एकत्रित किया जाएगा। ग्रामीणों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के कारण भविष्य में होने वाली चिंताएं अधिकारियों के सामने रखी। इस पर अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे और पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### मेंटेनेंस के कारण आज बंद रहेगी बिजली

**बैतूल।** बिजली कंपनी द्वारा 14 जून को 33/11 केव्ही उपकेंद्र बडोरा में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के चलते रविवार को सुबह 8 से 11 बजे तक द्वारका नगर, आरके पुरम, शशांक नगर, कौशल्या विहार कॉलोनी, रॉयल ग्रीन सिटी, मोक्षा रेजिडेंसी बालाजी रेजीडेंसी एवं अन्य द्वारका नगर फीडर में आने वाले क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल ग्रामीण के सहायक प्रबंधक ने बताया कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### विभिन्न क्लस्टरों में आयोजित होंगे जनकल्याण शिविर

**बैतूल।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले में क्लस्टर स्तर पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायत टाहली, साकोदेही एवं गोराखार क्लस्टर में 12 जून से 14 जून 2026 तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं खेड़ीसांवलीगढ़, खंडारा एवं सोहागपुर क्लस्टर में 15 जून से 17 जून 2026 तक शिविर लगाए जाएंगे।

### योग प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**बैतूल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की तैयारियों के तहत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों के प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विवेक पांडे तथा डीयू यूनिवर्सिटी दिल्ली के प्राध्यापक सुरेश कुमार गोहे ने योग के महत्व, स्वस्थ जीवन में इसकी भूमिका तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग की बढ़ती स्वीकार्यता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

---

### 17 लाख रुपये की लागत से बन रहा है गेट

# दो दशक का इंतजार खत्मः ताप्ती सरोवर के स्लूस गेट का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगरवासियों का लगभग दो दशकों पुराना इंतजार आखिरकार समाप्त होता दिखाई दे रहा है। लंबे समय से चर्चा और मांग का विषय बने ताप्ती सरोवर के स्लूस गेट के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। निर्माण कार्य शुरू होने से नगरवासियों, सामाजिक संगठनों तथा ताप्ती भक्तों में खुशी का माहौल है। मुलताई वासियों ने हरिभूमि द्वारा उठाए गए ताप्ती सरोवर के स्लूस गेट के निर्माण शुरू होने पर हरिभूमि का आभार जताया है। लोगों को उम्मीद है कि नए स्लूस गेट के निर्माण के बाद वर्षों से चली आ रही जल रिसाव की समस्या का स्थायी समाधान होगा तथा ताप्ती सरोवर में पूरे वर्ष जलस्तर बनाए रखने में मदद मिलेगी। ताप्ती सरोवर, शनि सरोवर (छोटा तालाब) तथा आसपास के अन्य जल स्रोत नगर क्षेत्र की जल संरचना का महत्वपूर्ण आधार माने जाते हैं। वहीं ताप्ती सरोवर नगरवासियों की धार्मिक आस्था का भी प्रमुख केंद्र है। ताप्ती उद्गम से जुड़े होने के कारण इसे ताप्ती कुंड के नाम से भी जाना जाता है, जिससे लाखों श्रद्धालुओं की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

#### 20 वर्षों से उठ रही थी मांग

ताप्ती सरोवर और छोटे तालाब को जोड़ने वाले स्लूस गेट के पुनर्निर्माण की मांग पिछले लगभग 20 वर्षों से लगातार उठाई जा रही थी। इस दौरान नगर पालिका परिषद में कई प्रस्ताव पारित हुए, अनेक अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया और विभिन्न योजनाएं भी तैयार की गईं, लेकिन वे फाइलों और कागजों तक ही सीमित रहीं। परिणामस्वरूप वर्षों तक समस्या जस की तस बनी रही। इस वर्ष भी निर्माण कार्य का ठेका जारी होने के बाद ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने से नगर में तरह-तरह की चर्चाएं और अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि अब सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए निर्माण


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
स्लूस गेट निर्माण को लेकर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी है, बारिश आने को है
इस साल भी नहीं हो सकेगा ताप्ती सरोवर जल निकासी द्वार निर्माण, 15 वर्षों से मांग
खराब हुआ स्लूस गेट, जर्जर हुई पुलिया

कार्य शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में ठेकेदार द्वारा चौबीसों घंटे कार्य कर स्लूस गेट क्षेत्र में खुदाई का काम तेजी से किया जा रहा है।

जानकारों के अनुसार लगभग 17 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह स्लूस गेट आकार में भले छोटा दिखाई देता हो, लेकिन तकनीकी दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण संरचना है। इसकी मदद से ताप्ती सरोवर और छोटे तालाब के बीच जल प्रवाह का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जा सकेगा, जिससे जल संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। नपा द्वारा गेट की डिजाइन एवं डीपीआर तैयार करने में सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री सी.एल. मरकाम, सेवानिवृत्त उपयंत्री सी.बी. पाटेकर सहित अन्य तकनीकी विशेषज्ञों से सलाह ली गई है।



#### जर्जर हो चुकी थी पुरानी संरचना

तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान स्लूस गेट की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी थी। यदि इस वर्ष भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते थे। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए ठेकेदार को निर्धारित एस्टीमेट के अनुसार संपूर्ण क्षेत्र की खुदाई कर नई फाउंडेशन तैयार करनी है। निर्माण कार्य के तहत दो पाइप डालकर वेल सिस्टम के माध्यम से नया स्लूस गेट स्थापित किया जाएगा। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यदि कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप और पर्याप्त संसाधनों के साथ किया जाता है तो लगभग 20 दिनों के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण किया जा सकता है।

#### इनका कहना है

स्लूस गेट का खुदाई कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। सब कुछ ठीक रहा तो आगामी 15 दिनों में कार्य बेस लेवल से ऊपर आ जाएगा। यह निर्माण कार्य आकार में छोटा अवश्य है, लेकिन तकनीकी रूप से काफी जटिल है। निर्माण गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

**महेश शर्मा**, उपयंत्री, नगर पालिका परिषद मुलताई

---

### बस स्टैंड बचाओ के लगवाए बोर्ड

## व्यापारियों की एकजुटता बढ़ी, पर्चा के जरिए जनसमर्थन जुटाने की तैयारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोठीबाजार स्थित प्रमुख बस स्टैंड को सदर बैल बाजार क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने की संभावित योजना के विरोध में व्यापारियों का हस्तक्षेप तूल पकड़ता जा रहा है। बीती रात शहर के लल्ली चौक से लेकर पेट्रोल पंप चौराहे तक बिजली पोलों पर बस स्टैंड बचाओ अभियान के बोर्ड लगाए हैं। इसके साथ व्यापारियों ने व्यापक जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया है, इससे यह मुद्दा लगातार तूल पकड़ता जा रहा है।

गौरतलब है कि कोठीबाजार बस स्टैंड को सदर बैल बाजार शिफ्ट किए जाने की खबर के बाद मामले ने अचानक तूल पकड़ लिया है। लगभग 2 से 3 हजार व्यापारियों को अपना व्यवसाय ठप्प होने की चिंता सताने लगी है। तय रूपरेखा के मुताबिक बस स्टैंड शिफ्टिंग के विरोध में पर्चे छपवाए जाने हैं, जिन्हें कोठीबाजार क्षेत्र की प्रत्येक दुकान और प्रतिष्ठान तक पहुंचाया जाएगा। पर्चों के माध्यम से व्यापारियों और नागरिकों को प्रस्तावित शिफ्टिंग के संभावित प्रभावों से अवगत कराया जाएगा तथा आंदोलन के समर्थन की अपील की जाएगी। इस संबंध में कांग्रेस निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रजनीश सोनी का कहना है कि उनकी जानकारी के अनुसार बस स्टैंड शिफ्टिंग का प्रस्ताव नपा परिषद की बैठक में रखा जाना है। कोठीबाजार बस स्टैंड वर्षों से शहर की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। बस स्टैंड के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री और ग्रामीण क्षेत्र के लोग बाजार में पहुंचते हैं, जिससे व्यापार को मजबूती मिलती है। उनका दावा है कि यदि बस स्टैंड को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया तो करीब 2 से 3 हजार व्यापारियों का कारोबार गंभीर रूप से प्रभावित होगा और कई छोटे व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है। इस प्रस्ताव पर पहले विचार किया जाना जरूरी है, ताकि नुकसान का आंकलन हो सके। बस स्टैंड शिफ्टिंग का विरोध कर रहे व्यापारियों का तर्क है कि बस स्टैंड के स्थानांतरण से केवल व्यापार ही प्रभावित नहीं होगा, बल्कि यात्रियों और आम नागरिकों को भी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।

---

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## नारद टेकड़ी को संरक्षित धरोहर घोषित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मां ताप्ती नदी के उद्गम स्थल के समीप स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की नारद टेकड़ी को बचाने और उसके पुरातात्विक सर्वेक्षण की मांग को लेकर जन आंदोलन मंच मुलताई ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

संगठन ने आशंका जताई है कि क्षेत्र का निजी स्वार्थों के लिए क्रय-विक्रय अथवा हस्तांतरण किया जा सकता है, जिससे इस महत्वपूर्ण धरोहर के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो सकता है। ज्ञापन में बताया गया है कि नारद टेकड़ी मां ताप्ती नदी के पावन उद्गम क्षेत्र के निकट स्थित एक महत्वपूर्ण धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर है। स्थानीय जनश्रुतियों, पुराणों और परंपराओं के अनुसार यह वही स्थान माना जाता है जहां देवर्षि नारद मुनि ने तपस्या की थी। इसी कारण यह स्थल क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। जन आंदोलन मंच ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो यह अमूल्य धरोहर भविष्य में नष्ट होने की स्थिति में पहुंच सकती है। संगठन ने मांग की है कि नारद टेकड़ी का पुरातत्व विभाग द्वारा विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाए तथा इसके ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का परीक्षण कर आवश्यक अभिलेख तैयार किए जाएं।

ज्ञापन में नारद टेकड़ी को संरक्षित धरोहर घोषित करने, भूमि के किसी भी प्रकार के विक्रय, हस्तांतरण अथवा अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, इतिहासकारों और नागरिकों की समिति बनाकर संरक्षण एवं विकास की कार्ययोजना तैयार करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौपने वालों में लोकेश रवि यादव, मनीष माथनकर ,चिन्टू खन्ना, अजय यादव,राजू पाटनकर, मयंक पाठक, संतोष कामड़ी, अजेन्द्र सिंह परिहार, शुभम जैन, प्रकाश गीरारे, आदिश्वर शर्मा, महेश परिहार, निखिल जैन, अक्षत भार्गव, साकेत पुरी आदि प्रमुख है।

---

### पुलिस पत्नी-बेटे से कर रही पूछताछ

## हार्डवेयर व्यवसायी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**बैतूल।** शहर के कालापाठा क्षेत्र में रहने वाले हार्डवेयर व्यवसायी हरिशंकर दाने (47) को उनकी पत्नी और बेटा शुक्रवार को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल चौकी को शव पुराना लगा, इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद गंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पत्नी और बेटे को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अस्पताल में जांच के दौरान शव करीब दो दिन पुराना प्रतीत हुआ। हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। इसके बाद अस्पताल चौकी से पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। हरिशंकर दाने कालापाठा क्षेत्र में हार्डवेयर की दुकान संचालित करते थे। उनके परिवार में पत्नी और बच्चे हैं तथा घर में कुल तीन सदस्य रहते थे। पुलिस हरिशंकर दाने की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसकी जानकारी परिजनों को कब लगी, इसे लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। इसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौत स्वाभाविक थी, दुर्घटनावश हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। फिलहाल गंज थाना पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

---

## मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़, पहले दिन 71 आवेदन प्राप्त

### नगर के 15 वार्डों में लगाए जाएंगे 7 शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक शीघ्रता से पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा पवित्र नगरी मुलताई में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों की शुरुआत शुक्रवार को शासकीय कन्या शाला परिसर में शास्त्री एवं तिलक वार्ड के लिए आयोजित शिविर से हुई। नपा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शिविर में नागरिकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि नगर के सभी 15 वार्डों को कवर करने के लिए 12 जून से 18 जून तक कुल सात जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त सभी पात्र हितग्राहियों के आवेदनों का नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के 25 आवेदन, वृद्धावस्था पेंशन के 8 आवेदन, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के 15 आवेदन तथा संबल योजना के अंतर्गत 23 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार विभिन्न योजनाओं के कुल 71 आवेदन दर्ज किए गए हैं। सीएमओ तिवारी ने बताया कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोडऩा तथा उन्हें अधिकतम लाभ उपलब्ध कराना है। इसके लिए नगर पालिका की टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। जनकल्याण शिविरों के सफल संचालन के लिए गठित टीम में दिलीप फुलवार, शेख उजेर, विशाल भारती, श्वेता रावत एवं मनोज सोनी सहित अन्य कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

---

### 15 जून को पाथाखेड़ा उप कार्यालय में होगा शिविर, शासन की योजनाओं की दे रहे जानकारी

## जन कल्याणकारी शिविर में आए 35 आवेदन, समस्याओं का किया निराकरण

**सारनी।** आम जनमानस को शासन की जनकल्याणकारी, जन हितकारी एवं अन्य लाभकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मुहैया करने के लिए जन कल्याणकारी शिविर का आयोजन नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा सारनी के शिवाजी प्रांगण में किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने हितलाभ हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य जनकल्याणकारी




योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निकाय स्तर पर 12 जून से 18 जून 2026 तक विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके तहत नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को सारनी के 1 से 13 वार्डों के लिए शिवाजी प्रांगण में शिविर हुआ। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद गणेश मस्की, आकाश पंद्राम, एल्डरमैन विनय मदने, उपयंत्री कमलेश पटेल, विनायक बागड़े, सिटी मिशन मैनेजर मनोज परते, निधि मेरावी, रंजीत डोंगरे, निराकार सागर, पप्पी एस्वारे सहित अन्य लोग उपस्थित थे। शिविर में पीएम स्वनिधि के 10, संबल, कर्मकार, पेशन के 19, निर्माण एवं स्वच्छता के 3-3 आवेदन प्राप्त हुए। सोमवार 15 जून को क्षेत्रीय उप कार्यालय पाथाखेड़ा वार्ड 19 में उक्त शिविर पाथाखेड़ा के वार्ड 14 से 29 के लिए होगा। वही 16 जून को वार्ड 30 से 36 के लिए जैरी चौक शोभापुर में शिविर का आयोजन होगा। सभी शिविर प्रातः 10.30 बजे से शुरू होंगे।

---

### जनजातीय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

# मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा जनजातीय समाज का सर्वांगिण विकासः टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भाजपा जनजातीय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम के प्रथम जिला प्रवास पर जनजातीय मोर्चा के नेतृत्व में भव्य स्वागत कार्यक्रम सहित महत्वपूर्ण जिला बैठक जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने कहा कि जनजातीय समाज के सर्वांगिण विकास का संकल्प हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जी ने सबसे पहले जनजातीय समाज की चिंता करते हुए हमारे गांवो को सडको से जोडने का काम किया। आजादी के बाद कांग्रेस की सरकार बनी तो नागरिको के हितो को ध्यान नही दिया गया। तकरीबन छह दशको तक न तो हमारे गांवो मे स्कूल थे न अस्पताल जिसके लिए हमें संघर्ष करना पडता था। शिवराज जी के नेतृत्व से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में आज हमारे नायको को सम्मान मिल रहा है। श्री टेकाम ने कहा कि कांग्रेस की सरकारो ने हमारी संस्कृति और शौर्य की विरासत को लगातार छिपाने का प्रयास किया आज हमारे समाज का साहस और संस्कृति पाठयक्रमो में शामिल हो रही है। बैठक को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारा जन्म परम पुज्य भूमि भारत में हुआ है। इसके साथ साथ हम भाजपा के साथ कार्य कर रहे हैं यह हमारा परम सौभाग्य है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज का विकास हो रहा है। विरासत को संजोते हुए हम गांव गली और मजरे टोले तक विकास की इबारत रच रहे है। जनजातीय मोर्चा अपने वैभवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए युवा तरूणाई के साथ प्रयास कर रहा है। जो निश्चित रूप से हमारे संकल्प को सिद्व करने वाला होगा।




बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आदिवासी समाज की चिंता अगर किसी ने की है तो वो पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। कांग्रेस के शासन काल में आदिवासी समाज को महज वोट बैंक की तरह देखा जाता था। आज पूरे समाज के उत्थान को लेकर प्रयास दिखाई दे रहे है। भारतीय जनता पार्टी के मोर्चो में जनजातीय मोर्चा का नेतृत्व हमेशा प्रथम पंक्ति में दिखाई देता है। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के संभागीय प्रभारी एवं छिंदवाडा के महापौर विक्रम आहाके ने कहा कि मोदी जी और मोहन जी के नेतृत्व में जो जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं उनका मतदान केन्द्र तक प्रचार और प्रभाव रहे इसके प्रयास हम सबको मिलकर करना है। जल जंगल जमीन का अधिकार हमें भाजपा सरकार ने दिया है। धरती आबा योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे समाज के लिए वरदान साबित हो रही हैं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि हमारा जिला बैतूल आदिवासीयों की वीर भूमि है जिसने अंग्रेज और कांग्रेस से लडकर अपनी संस्कृति और विरासत को बरकरार रखा है। उन्होने स्वतंत्रता संग्राम और आपात काल के समय के नायको के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। बैठक का संचालन जनजातीय मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील भलावी एवं अंत में आभार मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम चढोकार ने व्यक्त किया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष सूरजलाल जावलकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश परतेती, जनजातीय मोर्चा हरदा के जिलाध्यक्ष राहूल शाह , बैतूल अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष टेकाम मंचासीन रहे।

## खबर संक्षेप

### विशेष विधिक साक्षरता शिविर 13 को

**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 जून को प्रातः 10:30 बजे श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों के लिए आयोजित प्रदेशव्यापी विधिक साक्षरता शिविर का शुभारंभ होगा। ऑनलाइन शुभारंभ के पश्चात सीहोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय स्थित समर्थ ई-आर सेंटर में विशेष विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में श्रवण एवं वाक बाधित व्यक्तियों को विधिक सहायता, उनके अधिकारों एवं शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### 15 तक जमा करना होगा प्रवेश शुल्क

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत एनसीटीई पाठ्यक्रमों (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड. आदि) के प्रथम चरण का महाविद्यालय आवंटन जारी कर दिया गया है। प्रथम चरण में पात्र अभ्यर्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये 15 जून 2026 तक निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

### विवि व महाविद्यालयों में होगा सामूहिक योग

**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासन द्वारा किया जा रहा जनसहभागिता अभियान

# सीड बॉल निर्माण अभियान से हरित आवरण बढ़ाने के लिए अनूठी पहल

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर महोदय के निर्देशन में "सीड बॉल निर्माण अभियान" संचालित किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर महोदय के निर्देशन में "सीड बॉल निर्माण अभियान" संचालित किया जा रहा है। इस अभिनव पहल के माध्यम से वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधों के प्राकृतिक अंकुरण को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास परियोजना सिवनीमालवा में प्रभारी परियोजना अधिकारी सुचित्रा राजावत के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों के अवकाश काल के दौरान सभी सेक्टरों के विभिन्न ग्रामों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सीड बॉल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।



#### महिलाओं और बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता

अभियान में ग्राम की महिलाओं, आंगनवाड़ी बच्चों, कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। इस पहल से न केवल हरित आवरण बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जनसहभागिता को भी मजबूत करेगी, आगामी समय में पर्यावरण को बचाने का कार्य करने हेतु यह आवश्यक भी है ।

#### वैज्ञानिक पद्धति से तैयार की सीड बॉल

सीड बॉल निर्माण के लिए पांच भाग मिट्टी एवं तीन भाग खाद (कम्पोस्ट) को मिलाकर उसमें आवश्यकतानुसार पानी डालकर आटे जैसी संरचना तैयार की जा रही है। इसके बाद ग्रामों में विभिन्न स्थानों से एकत्रित किए गए उपयोगी, छायादार एवं फलदार वृक्षों जैसे आम, नीम, जामुन, सहजन, बेर तथा पीपल के बीजों को इस मिश्रण की लोइयों के भीतर रखकर चारों ओर से लगभग डेढ़ से दो इंच मोटी परत से ढंक दिया जाता है।

#### वर्षा के साथ होगा अंकुरण

निर्मित सीड बॉल को दो से तीन दिनों तक छायादार स्थान पर सुखाने के बाद परती एवं अनुपयोगी भूमि पर बिखेरा जाएगा। वर्षा ऋतु में नमी एवं पानी के संपर्क में आने पर इनमें मौजूद बीज स्वतः अंकुरित होकर पौधों का रूप धारण करेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर देशी प्रजातियों के वृक्षों की संख्या बढ़ेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को नई गति मिलेगी।

# सरपंच प्रशिक्षण महाअभियान शिविर का किया आयोजन

### जीपीडीपी सहित विभिन्न विषयों पर हुआ प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की लगभग 25ग्राम पंचायतों के सरपंच को प्रशिक्षण दिया गया।जब पंचायतों को एक दृष्टि में 6माह बचें है।तब प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन जनपद पंचायत के सभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण देने के लिए संजय गांधी संस्थान पचमढ़ी से अंजलि मेहरा के द्वारा संबंधित सभी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जी पी डी पी के अलावा अन्य सभी विषयों पर चर्चा करते हुए उन्हें जानकारी दी गई। वर्तमान समय में सभी में भरपूर मात्रा में राशि स्वीकृत नहीं हो पा रही है। फिर भी सरपंच काम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। यह बात सही है कि विधायक ठाकुरदास नागवंशी की निधि से सड़क मार्ग नाली चबूतरे सहित अनेक विषयों पर राशि स्वीकृत किए गए हैं।

#### विभिन्न पंचायत के सरपंच हुए उपस्थति

प्रशिक्षण महाअभियान मे सहभागी बने खापरखेड़ा सुलभ गोदानी सरपंच, जीवन सिंह सरपंच जमा ड़ा प्रशांत ठाकुर सुरेवाला, खूबचंद रघुवंशी सरपंच प्रतिनिधि वनवारि कमल बान सरपंच मोकलबाडा हरभजन सिंह सरपंच धनाश्री सहित अन्य रिछैडा सिंगोड़ी सेमरी तला सहित अन्य सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

#### पानी की हुई परेशानी

सरपंच जनों ने बताया कि शासन द्वारा विगत वर्षों से प्रशिक्षण के लिए पानी चाय नाश्ता भोजन के लिए भी राशि दी जाती है। लेकिन उसके बाद भी पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। सुबह से बुलाया गया था।और हल्का नाश्ता करने देने के बाद समाप्त कर दिया गया। सरपंच जनों ने कहा कि पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं की गई थी। अंजलि मेहरा ने बताया कि ठंडा पानी के लिए मक्का भरवाकर रखवा दिया गया था, लेकिन पानी का किसी ने उपयोग नहीं किया गया।

# नगर मंडल अध्यक्ष ने पेड़ लगाकर मनाया जन्मदिन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र के भाजपा के लगातार दुसरी बार बने नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर का जन्म दिवस पर एक ब्रक्ष लगाया गया। मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने लगभग 10पेड लगाकर मनाया जाता है।तथा वृद्ध आश्रम में फलो का वितरण किया गया। अस्पभाजपा कार्यालयमे भी जन्म दिन मनाया। नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल सभी अपनीओर से बधाई शुभकामनाए दी।

# सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र बिजली विभाग में अभी भी जारी रोजाना की ट्रिपिंग, नागरिक हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र सहित मुख्यालय के नागरिक लंबेसमय से बिजली ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे हैं। नागरिकों ने बिजली कंपनी सहित प्रशासन व शासन पक्ष से समस्या समाधान की अपेक्षा की है।

उल्लेखनीय है कि गत एक मास से ट्रिपिंग की समस्या बढ़ गई है। दिन में कई-कई बार बिजली की ट्रिपिंग होती है। जिसके कारण नागरिकों को गर्मी में बहुत परेशान होना पड़ता है। शुक्रवार को भी नगर क्षेत्र के शास्त्री वार्ड फीडर में ट्रिपिंग हुई तथा फीडर से बिजली वितरण कुछ देर भंद किया गया।

#### वार्डो में जारी परेशानी

गांधी वार्ड में फेस की परेशानी हे



बिजली वितरण बाधित रहा। क्षेत्र में टेलीफोन एक्सचेंज के पास भी बिजली वितरण बाधित हुआ। इसके पहले गुरुवार की रात भी शहर के कुछ क्षेत्रों में ट्रिपिंग से बिजली वितरण बाधित रहा। मातापुरा वार्ड स्थित खेड़ापति मंदिर के ट्रांसफॉर्मर की केबल रात में खराब हुई, जिसका सुधार दिन में किया गया। परेशान नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि समूची बिजली वितरण व्यवस्था का सुधार कराएं।

# पंचायती राज में बूंद-बूंद को तरसे लोग, नल-जल विफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत तरौनकला सिमारामे लोग बूंद-बूंद पानी पीने के लिए तरह रहे हैं। लेकिन नल जल योजना कहीं भी सफल नहीं हो रही है। अक्सर पंचायत के सरपंच सचिव ने अपनी सेवा शुल्क लेकर पंचायत ने अपने कब्जे में ले लिया गया है। पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा सप्लाई कि जा रही है।इस तरह से तरौनकला पंचायत में लगभग एक सप्ताह से नल जल योजना की टंकी खाली पड़ी है नाहरबाडा रोड पर पानी नहीं पहुंच रहा है। अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है।साफ सफाई के नाम पर राशि ही निकाली जा रही है। पीने का पानी सुबह बोड़ना मार्ग पर एक पटेल के खेत



के नलकूप से पानी पीने के लिए भर रहे हैं।इस बारे में सचिव प्रेमनारायण सराठे ने बताया कि टंकी भरने लगी है। जहां पानी पीने को नहीं पहुंचे वहां पर टेंकर से सप्लाई कि जा रही है।शेष जगह नल जल योजना से पानी पीने के लिए भेजा जा रहा है। मोटर भी ठीक हो गई है। सरपंच रुक्मणी बाई ने बताया कि कुछ दिन पहले पानी के लिए परेशानी हो रही थी। लेकिन अब सबको पानी मिल रहा है।

### जनपद पंचायत में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

**नर्मदापुरम** । मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत नर्मदापुरम में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम रंजीत ताराम के नेतृत्व में किया गया। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही। शासन द्वारा 12 से 18 जून 2026 तक विशेष जनकल्याण शिविर आयोजित कर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचातय नर्मदापुरम में शिविर 12, 13 एवं 15 जून को लगेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस एवं योग दिवस के मध्य मप्र सरकार द्वारा तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुरी

विश्व पर्यावरण दिवस एवं योग दिवस के मध्य जन कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये मप्र सरकार द्वारा तीन दिवसीय शिविर सभी ब्लॉक्स में संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सोहागपुर का शिविर शुक्रवार से शुरू हुआ है।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक 9-01 दिनांक 02 जून 2026 के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 05 जून 2026 से 21 जून 2026 के मध्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। उक्त जन कल्याण शिविर जनपद एवं नगरीय निकायवार लगाए जाने हैं। जिसके अनुसार सोहागपुर में 12 जून से 15 जून 2026 की अवधि में शिविर लग रहा है।

शुक्रवार का शिविर का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, सीईओ प्रबल अरजरिया, बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर व सभी विभागों के कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ है। शिविर के प्रथम दिवस शुक्रवार को लगभग लोगों के पंजीयन ब्लॉक स्तर पर सभी विभागों के काउंटर्स पर किये गए हैं। शिविर का समापन सोमवार 15 जून 2026 को होगा। रविवार 24 जून को शिविर नहीं लगेगा। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी हेतु विभागीय प्रदर्शनी केंद्र स्थापित किये जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को आवेदन, पंजीयन एवं सेवा वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्रत्येक ग्राम विकास प्रस्फुटन समिती तैयार करेंगी सीड बाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

माखन नगर -मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत भवन नया चूरना में संगोष्ठी तथा सेक्टर बैठक में नीतिराजसिंह यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति से जुड़ाव हेतु सेक्टर 04 की प्रत्येक ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां 400-400 सीट बाल तैयार करेगी नर्सरी निर्माण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।सभी का आभार नया चूरना सरपंच प्रतिनिधि मुकेश यादव ने किया।इस अवसर पर




मनीष चतुर्वेदी, सुरेश यादव, हर्ष तिवारी,हरीश नामदेव, मोनू मांझी, राकेश कीर, मनीष यादव, मुकेश यादव, संतोष मवासी, रोशन, प्रदीप दीवान धुर्वे, वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव,सतीश यादव, रुपेश यादव, गेंदालाल यादव,शुभम गोस्वामी उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था पर फिर गरजी कांग्रेस सात दिन की चेतावनी, लोग बोले-आंदोलन होगा या नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

नगर की बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस एक बार फिर मुखर हुई है। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कचरा न उठने और सफाई व्यवस्था चरमराने के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए सात दिन में सुधार नहीं होने पर नगरपालिका कार्यालय के सामने कचरा डालने की चेतावनी दी है। हालांकि स्थानीय राजनीतिक गलियारों और आम नागरिकों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि कांग्रेस हर बार किसी मुद्दे को लेकर आंदोलन की शुरुआत तो करती है, लेकिन चेतावनी देने के बाद अक्सर वह मुद्दा पीछे छूट जाता है।

#### सफाई व्यवस्था पर ज्ञापन, दी चेतावनी

नेता प्रतिपक्ष अजय पटेल एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुदेश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर एवं नगर पालिका सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन नगर पालिका कार्यालय में अकाउंटेंट महेंद्र परिहार को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि नगर के कई वार्डों में नियमित रूप से कचरा नहीं उठाया जा रहा है, जिससे जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### उठाया कचरा गाड़ियों और कर्मचारियों का मुद्दा

पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित ने कहा कि पिछले कई महीनों से अधिकांश वार्डों में ऑटो कचरा वाहन नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे हैं। सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण समय पर कचरा संग्रहण नहीं हो पा रहा है। इसके चलते मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

#### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि खराब पड़ी सभी ऑटो कचरा गाड़ियों को तत्काल सुधारकर पुनः संचालन में लाया जाए। साथ ही सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए और उनका वेतन समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नगर की सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।

#### मुद्दे पर राजनीति या जनहित? उठ रहे सवाल

हालांकि BJP का कहना है कि सफाई व्यवस्था की समस्या कोई नई नहीं है। पिछले कई महीनों से शहर के विभिन्न वार्डों में गंदगी और कचरा संग्रहण की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसके बावजूद विपक्ष की ओर से कोई लगातार जनआंदोलन या नियमित फॉलोअप नहीं दिखाई दिया।

### अनुपस्थित मिले रेडियोग्राफर, एक दिवस का वेतन काटने के दिए निर्देश

# एसडीएम ने किया सोहागपुर अस्पताल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भलावी ने शुक्रवार को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का परीक्षण किया गया। साथ ही ज़रूरत अनुसार सुधार के निर्देश भी एसडीएम ने दिये हैं।

#### दिये निर्देश प्रतिदिन हो साफ सफाई

एसडीएम द्वारा प्रसूति वार्ड के निरीक्षण दौरान वहां साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। जिस पर भलावी ने बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर को तत्काल साफ-सफाई कराने तथा व नियमित ही उक्त व्यवस्था को जारी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में प्रतिदिन तीन बार सफाई हो। एसडीएम भलावी ने अस्पताल में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सार्थक ऐप पर दर्ज विगत 10 दिवसों की उपस्थिति का भी परीक्षण किया तथा कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये। उन्होंने मरीजों व उनके परिजनों से भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा की।



#### बंद था रेडियोग्राफर कक्ष

अस्पताल परिसर के भ्रमण के दौरान रेडियोग्राफर कक्ष तत्समय पर संचालित नहीं पाया गया। रेडियोग्राफर रज्जू पाल तथा अजय वास्कले अनुपस्थित पाए गए। जिसके बाद दोनों ही कर्मचारियों का एक-एक दिन का वेतन काटने के लिये भलावी ने बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर को निर्देश दिये हैं। एसडीएम ने अस्पताल प्रशासन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, समय पालन सुनिश्चित करने एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। मौके पर उपस्थित नागरिकों तथा मरीजों के परिजनों ने भलावी से कहा कि सोहागपुर अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है। इसे दूर करने का प्रयास एसडीएम अपने स्तर पर करें।



#### शिशुओं को दुलारा

एसडीएम प्रियंका भलावी ने प्रसूति गृह में भर्ती गर्भवती महिलाओं सहित प्रसूताओं से भेंट की। तथा उन सभी से भलावी ने पूछा कि कोई परेशानी तो नहीं है। उन्होंने वार्ड में भर्ती नवजात शिशुओं को गोद में लेकर दुलार भी किया।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

Phone / Fax No. 07570-220249, Mail Id- cmoseonimalwa@mpurban.gov.in

क्रमांक 559/रा./न.पा./2026 // ई-निविदा सह ई-नीलामी दस्तावेज // सिवनी मालवा, दिनांक 11/06/2026

(नगर पालिका स्वामित्व की अचल संपत्ति के विक्रय हेतु)

मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियमए 1961, मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियमए 2016 तथा 04 मई 2021 के संशोधन नियमों के अधीन नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा स्वामित्व की अचल संपत्ति (खसरा नं. 263/1, वार्ड क्रमांक 08, क्षेत्रफल 2500 वर्गफुट) के विक्रय हेतु ई-निविदा एवं ई-नीलामी । नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा परिषद संकल्प क्रमांक 05 के अनुसार नगर पालिका स्वामित्व की निम्न अचल संपत्ति को सार्वजनिक प्रतिस्पर्धात्मक ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना प्रस्तावित है।

| क्रं. | स्थान का नाम | निविदा क्रमांक | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र में | क्रय दिनांक | अंतिम दिनांक | खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बंबई - आगरा मार्ग, संदीप पेट्रोल पंप के सामने | 2026_UAD_509604_1 | 67,20,000 (सडसठ लाख बीस हजार) | 2,00,000 (दो लाख) | 5000 (पांच हजार + लागू GST) | 11.06.26 | 26.06.26 | 29.06.26 |

नोटः- अन्य जानकारी म.प्र. शासन के ई-निविदा पोर्टल की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट www.mpurban.gov.in पर देखी जा सकती है एवं आवश्यक जानकारी एवं शर्ते नगरपालिका सि.मा. की राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
सिवनी मालवा

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**हरदा।** आगामी मानसून सीजन में संभावित बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन हरदा ने समय रहते तैयारी शुरू कर दी है। कार्यालय कलेक्टर भू-प्रबंधन शाखा हरदा द्वारा कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 81 में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07577-225004 है। यह नियंत्रण कक्ष 15 जून 2026 से 24 घंटे लगातार खुला रहेगा।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी

**हरदा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की तैयारी के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार ने जिले के सभी संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

### कृषि उपज मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने सभी किसान भाईयों को सूचित किया है कि 13 से 15 जून व 17 जून को कृषि उपज मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने बताया कि 13 जून को द्वितीय शनिवार का बैंक अवकाश, 14 जून को रविवार, 15 जून को अमावस्या व 17 जून महाराणा प्रताप जयंती का अवकाश होने के कारण कृषि उपज मण्डी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने क्षेत्र के किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वे 13 से 15 व 17 जून को कृषि उपज विक्रय हेतु नहीं लावें।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंध

**हरदा।** मध्यप्रदेश में मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने और जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को ह्लबंद ऋतुह्व (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। मध्यप्रदेश मत्स्य महासंघ के अधीन इंदिरासागर, मान एवं माही जलाशयों में भी 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय व मत्स्य विनिमय अथवा मत्स्य परिवहन करना निषेध रहेगा।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर इंडस्ट्रीज एरिया में विधिक साक्षरता शिविर

# मासूमों का बाल श्रम बचपन छीनकर राष्ट्र की प्रगति में बन जाता है बाधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के तहत शुक्रवार को शिवम प्रायवेट लिमिटेड, इंडस्ट्रीज एरिया, हरदा. में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम को समाज से पूरी तरह मिटाकर हर बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित बचपन प्रदान करना है। बाल श्रम न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की प्रगति में भी एक बड़ी बाधा है। प्रत्येक बच्चे को गरिमापूर्ण जीवन जीने, शिक्षा प्राप्त करने और अपने सपनों को पूरा करने का कानूनी और मौलिक अधिकार है। बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत बाल मजदूरी करवाना एक दंडनीय अपराध है, और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि कहीं भी बच्चों से मजदूरी कराई जा रही हो, तो उसकी सूचना तुरंत चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के कानूनी अधिकारों, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम आदि के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने आसपास किसी भी बच्चे को मजदूरी नहीं करने देंगे और उन्हें एक बेहतर कल देने में अपना योगदान देंगे।

शिविर में उपस्थित श्रमिकों को बताया गया कि वे किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। उन्हें बताया गया कि नियमानुसार विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तहसील विधिक सेवा समिति में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है अथवा डाक के माध्यम से विधिक सहायता का आवेदन संबंधित विधिक सेवा संस्थान को प्रेषित किया जा सकता है। साथ ही विधिक सहायता व सलाह के लिए नालसा टोल फ्री नंबर 15100 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होने बताया कि विधिक सहायता व सलाह के लिए ऑनलाईन आवेदन नालसा पोर्टल पर जाकर किया जा सकता है। शिविर में नटवर पटेल, नवनीत लाल पटेल एवं पैरालीगल वॉलेंटियर ज्योति राजपूत, शैफाली घावरी व प्रीति राठौर उपस्थित रहे।

## यूसीसी पर जन परामर्श बैठक आज अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**हरदा।** समान नागरिक संहिता के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता बुधपाल सिंह की अध्यक्षता में आज शनिवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गई है। यह बैठक पीएमश्री महाविद्यालय हरदा के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जिला पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपते हुए आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार बैठक में सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, बार काउंसिल, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े गणमान्य नागरिक, शांति समिति के सदस्य, सामाजिक संगठन तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक के सफल आयोजन के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें अतिथियों को आमंत्रित करना, प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा व्यवस्था, बैठक स्थल पर लोगों के बैठने की व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, मंच एवं फ्लेक्स बैनर की व्यवस्था, सुझाव एवं सूचनाओं का संकलन, पेयजल, स्वल्पाहार, स्वागत, उपस्थिति पंजी संधारण तथा बैठक की कार्यवाही का दस्तावेजीकरण शामिल है। आदेश के अनुसार बैठक में प्राप्त सुझावों और अभ्यावेदनों को संकलित कर समिति को भेजने की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई है। कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था एवं पार्किंग की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को सौंपी गई है। बैठक के लिए पीएमश्री कॉलेज हरदा का सभागार उपलब्ध कराने तथा परिसर की साफ-सफाई, विद्युत एवं जनरेटर व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंध संबंधित विभागों द्वारा सुनिश्चित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय-सीमा में निर्वहन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समिति के सदस्य बुधपाल सिंह आज हरदा आयेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार श्री सिंह 13 जून को प्रातः 9 बजे बैतूल से हरदा के लिये प्रस्थान कर प्रातः 10:45 बजे हरदा आयेंगे तथा 11 बजे पीएम श्री महाविद्यालय हरदा में आयोजित जन परामर्श बैठक में सम्मिलित होंगे। श्री सिंह दोपहर 1:30 बजे हरदा से नर्मदापुरम् के लिये प्रस्थान करेंगे।

## मजदूर बाल-बाल बचा

# मिट्टी धंसने से जेसीबी मशीन 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरी



**हरदा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस नए बस स्टैंड के निर्माण स्थल पर शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से एक जेसीबी मशीन 15 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। इस घटना में एक मजदूर बाल-बाल बचा।

जानकारी के अनुसार, यहां तीन मंजिला भवन के लिए प्लिंथ का निर्माण किया जा रहा है। पाइल को सीमेंट कंक्रीट से भरने का काम चल रहा था। शाम करीब 5:30 बजे जब जेसीबी से काम किया जा रहा था, तभी अचानक मिट्टी धंस गई। जेसीबी मशीन सीधे गड्ढे में जा गिरी।

जेसीबी ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं, गड्ढे के नीचे काम कर रहे एक मजदूर ने भी भागकर खुद को सुरक्षित कर लिया। यदि मजदूर समय रहते नहीं हटता, तो वह जेसीबी के नीचे दब सकता था। यह नया बस स्टैंड लगभग 9 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसका ठेका भोपाल की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। यह तीन मंजिला भवन होगा, जिसमें कुल 126 दुकानें बनाई जाएंगी।

ग्राउंड फ्लोर पर 26 दुकानें, मेजेनाइन पर 27, पहली मंजिल पर 61 और दूसरी मंजिल पर 1500 से 3000 वर्ग फीट की 6 दुकानें और ऑफिस स्पेस शामिल होंगे। यह नया बस स्टैंड यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा, जिसमें शेड्यूल डिस्प्ले, वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर और अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी।

## जहरीले सांप के डंसने से युवक की मौत

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम केली में शुक्रवार सुबह जहरीले सांप के डसने से एक युवक की मौत हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम केली निवासी 28 वर्षीय गोलमन उर्फ गोलू पिता सुखराम बाघमारे शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे अपने घर में बिस्तर पर सो रहा था। इसी दौरान उसे पैर में जहरीले सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजनों ने उसकी हालत बिगड़ती देख तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई शिवप्रसाद ने बताया कि गोलू मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# खाद के लिए तड़प रहा किसान, ई-टोकन से मुसीबत, धूप में कतारें, सर्वर बना परेशानी

## सर्वर डाउन, ओटीपी और लंबी प्रक्रिया में केंद्रों के चक्कर काट रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले में खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले लागू की गई ई-टोकन खाद वितरण व्यवस्था किसानों के लिए सिरदर्द बन गई है। सरकार और प्रशासन ने दावा किया था कि ऑनलाइन प्रणाली से किसानों को घर बैठे खाद उपलब्ध होगी, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट दिखाई दे रही है। खाद वितरण केंद्रों के बाहर किसान घंटों तपती धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कई किसानों को दो से तीन दिन तक चक्कर लगाने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है।

### बोवनी का समय, लेकिन खाद के लिए भटक रहे किसान

मौसम विभाग ने प्रदेश में जल्द मानसून आने की संभावना जताई है। ऐसे में किसान खेतों की तैयारी में जुट चुके हैं और पहली बारिश के साथ बोवनी शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन खाद की उपलब्धता में आ रही दिक्कतों ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि खेती का पूरा चक्र समय पर निर्भर करता है और खाद मिलने में हो रही देरी उत्पादन को प्रभावित कर सकती है।

### सर्वर डाउन, ओटीपी और लंबी प्रक्रिया से बढ़ी परेशानी

ग्राम सेमरादांगी के किसान जितेंद्र ने बताया कि पिछले चार दिनों से वह खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। केंद्रों पर कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते और एक ही खिड़की से पूरा काम होने के कारण लंबी कतारें लग रही हैं। वहीं किसान विनय का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग कराने में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। यदि तीन दिन के भीतर खाद नहीं मिलती तो चालान निरस्त हो जाता है और फिर से आवेदन करना पड़ता है। कभी सर्वर डाउन हो जाता है तो कभी ओटीपी नहीं आता। ऐसे में किसानों को बार-बार ऑनलाइन केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

## आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरदा की थीम पर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

**हरदा।** आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरद की थीम पर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच पी सिह ने बताया कि पूर्व में दो आधुनिक टेक्नालॉजी से सुसज्जित एम्बुलेंस एवं 6 आधुनिक चिकित्सा मशीनें उपलब्ध कराई गई थी एवं रोगीकल्याण समिति के माध्यम से जिला चिकित्सालय हरदा में साफ-सफाई हेतु आधुनिक मशीनें क्रय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देशों के परिपालन में जिला चिकित्सालय हरदा में रोगी कल्याण समिति हरदा के द्वारा साफ-सफाई हेतु प्रेशर मशीन, वेक्यूम क्लीनर व फ्लोर क्लीनर आधुनिक मशीन क्रय की गई है, जिससे जिला चिकित्सालय हरदा की साफ-सफाई पहले से बेहतर होगी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया जोरदार विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को हरदा जिला मुख्यालय के स्वामी विवेकानंद पीएम श्री कॉलेज में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में व्याप्त अकादमिक, प्रशासनिक और आर्थिक अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कुलपति के इस्तीफे और विश्वविद्यालय में धारा 52 लागू कर शासन द्वारा नियंत्रण अपने हाथ में लेने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार बी.डी. तमखाने को सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया।

एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि जब तक कुलपति पद नहीं छोड़ते या शासन हस्तक्षेप नहीं करता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। एबीवीपी के नगर मंत्री शुभम ढोके ने आरोप लगाया कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से अकादमिक, प्रशासनिक और आर्थिक अनियमितताओं का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। शुभम ढोके के अनुसार, विश्वविद्यालय में अकादमिक कैलेंडर का पालन नहीं हो रहा है, प्रवेश प्रक्रिया अव्यवस्थित है और इसके चलते यूटीडी (यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट) में विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है।

कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम छह-छह महीने तक लंबित रहते हैं, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि एमबीए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर सहित कई स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परिणाम महीनों से घोषित नहीं किए गए हैं। पुनर्मूल्यांकन के परिणाम भी एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय में लंबे समय से शिक्षकों की भर्ती नहीं होने के कारण शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है, और छात्रों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन में भी देरी का आरोप लगाया है।

## हाथों में थामी झाड़ू और तसला, श्रमदान किया

# दिखावे की साफ-सफाई से काम नहीं चलेगा: सांसद आलोक शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भोपाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर प्रवास के दौरान स्थानीय सीवन नदी के विभिन्न घाटों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नदी में चारों तरफ फैली गंदगी और भारी मात्रा में जमा जलकुंभी को देखकर वे बेहद नाराज हो गए। घाटों की बदहाली पर सांसद का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मौके पर मौजूद मुख्य नगरपालिका अधिकारी व अन्य नपा अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान सांसद आलोक शर्मा ने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि केवल घाटों के ऊपर-ऊपर सांकेतिक (दिखावे की) साफ सफाई करने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पूरी सीवन नदी को जड़ से स्वच्छ बनाना बेहद आवश्यक है। सांसद ने कहा कि उन्होंने खुद नगरपालिका के अधिकारियों को दफ्तरों से निकालकर मैदान में उतारा है ताकि नदी और घाटों की मुस्तैदी से सफाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था को केवल कागजों और दिखावे तक सीमित न रखकर धरातल पर ठोस काम करके दिखाया जाए।

### हाथों में थामी झाड़ू और तसला किया श्रमदान

नदी को स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ सांसद आलोक शर्मा ने केवल निर्देश ही नहीं दिए, बल्कि वे खुद भी मैदान में उतरे। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नदी किनारे श्रमदान किया। सांसद ने अपने हाथों में झाड़ू और तसले थामकर घाटों पर बिखरे कचरे को साफ किया।

### स्वच्छता सेवकों की पीठ थपथपाई

सफाई अभियान के दौरान सांसद ने नगर पालिका के स्वच्छता सेवकों की कड़ी मेहनत की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे स्वच्छता सेवक लगातार विपरीत परिस्थितियों में भी सीवर और नदी की साफ सफाई के लिए पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं।



### जल्द सुंदर और स्वच्छ दिखेंगे सीवन के घाट

सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर के स्थानीय नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सीवन नदी हमारी धरोहर है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और स्थानीय प्रशासन के बेहतर समन्वय व आपसी तालमेल से बहुत जल्द सीवन नदी के सभी घाटों को पूरी तरह स्वच्छ, कचरामुक्त और सुंदर बना दिया जाएगा।

# नर्मदा में नहाने गया युवक डूबा: 20 मिनट में शव बरामद, चाचा के सामने घटित हादसा

**भैरुंदा।** नर्मदा नदी के छिपानेर स्थित निंबार्क आश्रम स्नान घाट पर गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां सुबह करीब 7बजे चाचा के साथ नहाने आए 21 वर्षीय युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस और स्थानीय लोगों की तत्परता से महज 20 मिनट के भीतर युवक को पानी से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब 7बजे का मामला सामने आया है, अमन पिता संतोष गोर (21), निवासी हनुमान मोहल्ला वार्ड क्रमांक 6, टिमरनी जिला हरदा, अपने चाचा गोलू और अन्य परिजनों के साथ नर्मदा स्नान के लिए छिपानेर घाट पहुंचे थे। परिवार के लोग निंबार्क आश्रम के स्नान घाट पर नहा रहे थे, इसी दौरान अमन गहरे पानी में चला गया और अचानक डूबने लगा। चाचा और अन्य लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी की गहराई अधिक होने के कारण वह नजरों से ओझल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत थाना गोपालपुर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस टीम ने बिना देर किए स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस की सक्रियता और समन्वय के चलते लगभग 20 मिनट के भीतर ही युवक को पानी से बाहर निकाल लिया गया। घाट पर मौजूद परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। हर कोई इस हादसे से स्तब्ध नजर आया। युवक को बाहर निकालकर तत्काल प्राथमिक उपचार की कोशिश की गई, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**भैरुंदा।** युवक के परिजन रोते बिलखते हुए।



पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सावधानी जरूरी: घाटों पर बढ़ा खतरा

नर्मदा के घाटों पर इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं, जहां गहराई का सही अंदाजा न होने के कारण लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। प्रशासन द्वारा बार-बार सावधानी बरतने की अपील के बावजूद लोग लापरवाही करते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से घाटों पर सुरक्षा इंतजाम और चेतावनी बोर्ड बढ़ाने की मांग की है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर नदी में स्नान के दौरान सतर्कता की जरूरत को उजागर कर दिया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित

**सीहोर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम शेखपुरा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन का व्यापक जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आ रहा है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जल संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाए। इस अवसर पर सभी ने महाकाल नर्सरी का भ्रमण किया और पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम जिला समन्वयक पारूल उपाध्याय, ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।